निबंधन संख्या पी0टी0-40

# बिहार गजट

## असाधारण अंक

## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

**24 फाल्गुन 1937 (श0)**

**(सं0 पटना 201) पटना, सोमवार, 14 मार्च 2016**

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

————————

**अधिसूचनाएं**

**10 मार्च 2016**

जी0एस0आर0 03, दिनांक 14 मार्च 2016—आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम 10) की धारा 03 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग) ने जी0 एस0 आर0 संख्या–213 (अ), दिनांक 20 मार्च, 2015 द्वारा ''लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015'' निर्गत किया है। ''लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015'' के खंड 04, 09, 10, 11, 12, 13, 14 एवं 15 के साथ पठित केन्द्रीय अधिसूचना एस0ओ0 681 (ई) दिनांक 30 नवम्बर, 1974 तथा जी0एस0आर0 800 दिनांक 09 जून, 1978 के अधीन प्रकाशित आदेश के प्रसंग में तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम, 10) की धारा 5 के साथ पठित धारा 03 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार के राज्यपाल इसके द्वारा राज्य में उक्त आदेश के अधीन राशन कार्ड, उचित मूल्य की दुकानों का अनुज्ञप्तिकरण एवं विनियमन, उचित मूल्य की दुकानों का प्रचालन, मॉनिटरी, पारदर्शिता और जबाबदेही, शास्ति, तलाशी एवं अभिग्रहण की शक्ति तथा अपील, अन्य सम्बन्धित प्रावधानों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित आदेश करते हैं :–

**भाग –1**

**प्रारम्भिक**

**1. संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ**

(i) यह आदेश ''बिहार लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016'' कहा जा सकेगा।

(ii) इसका विस्तार सम्पूर्ण बिहार राज्य में होगा ।

(iii) यह अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से प्रवृत्त होगा।

**2. परिभाषाएं**

(क) **''अधिनियम''** से अभिप्रेत है आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम 10);

(ख) **''उपाबद्ध''** से अभिप्रेत है इस आदेश से उपाबद्ध;

(ग) **''उचित मूल्य की दुकान का स्वामी''** से अभिप्रेत है कोई व्यक्ति और इसमें कोई स्वयं सहायता समूह, महिलाओं की सहयोग समितियाँ, पूर्व सैनिकों की सहयोग समितियाँ, शिक्षित बेरोजगार शामिल है, जिसके नाम से दुकान को लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है;

(घ) **''खाद्य सुरक्षा अधिनियम''** से अभिप्रेत है राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (2013 का 20);

(ड.) **''स्थानीय प्राधिकार''** से अभिप्रेत है पंचायत, नगर पालिका, जिला बोर्ड, छावनी बोर्ड, नगर योजना प्राधिकारी, ग्राम समिति या कोई अन्य निकाय, चाहे वह किसी भी नाम से ज्ञात हो, जो स्वशासन के लिए संविधान या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन प्राधिकृत है अथवा ऐसा कोई अन्य प्राधिकार या निकाय जिसमें किसी विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्र के भीतर नागरिक सेवाओं का नियंत्रण और प्रबंधन निहित है;

(च) इस आदेश में अपरिभाषित किन्तु अधिनियम या राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अथवा केंद्रीय लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015 में परिभाषित शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो उन अधिनियमों अथवा आदेश में क्रमशः उनके प्रति समनुदेशित किए गए हों;

(छ) **''उचित मूल्य की दुकान''** से अभिप्रेत है ऐसा स्थान जहाँ सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन राशनकार्ड धारकों को या के लिए अधिनियम की धारा 03 के अधीन जारी किसी आदेश द्वारा आवश्यक वस्तुओं का भंडारण, विक्रय तथा लेखा–पंजियों का संधारण करने के लिए अनुज्ञप्त किया गया हो।

**3.** अब लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन उचित मूल्य की दुकान का अनुज्ञापन एवं इससे सम्बन्धित समस्त कार्य, पात्र गृहस्थियों की पहचान, राशन कार्ड, खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं की आपूर्ति एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्रौद्योगिकी तंत्र पर आधारित सुधार एवं आधुनिकीकरण से सम्बन्धित सारे कार्य इस आदेश में अंतर्विष्ट प्रावधानों द्वारा इसके प्रारम्भ होने की तिथि से नियंत्रित होंगे।

## भाग –2
## उचित मूल्य की दुकान का अनुज्ञापन

**4. अनुज्ञापन प्राधिकारी**

अपने क्षेत्रान्तर्गत **अनुमंडल पदाधिकारी** अनुज्ञापन प्राधिकारी होंगे, जो इस आदेश के प्रावधानों के अधीन उचित मूल्य की दुकानों की अनुज्ञप्ति निर्गत, नियमित एवं नियंत्रित करेंगे। अनुज्ञापन पदाधिकारी की शक्तियां प्रत्यायोजनीय नहीं होंगी।

**5. जिला स्तरीय चयन समिति और अनुज्ञप्ति निर्गत करना** – उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति के लिये आवेदक सम्बन्धित अनुज्ञापन पदाधिकारी को अपना आवेदन पत्र समर्पित करेंगे। व्यक्ति अनुसूची–1 में, स्वयं सहायता समूह, महिलाओं की सहयोग समितियाँ/पूर्व सैनिकों की सहयोग समितियाँ अनुसूची –2 में अपना आवेदन पत्र समर्पित करेंगे। अनुज्ञापन पदाधिकारी, आवेदन पत्र की जांच प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी/आपूर्ति निरीक्षक से कराकर अपनी अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन जिला स्तरीय चयन समिति के विचारार्थ भेजेंगे। चयन समिति में निम्नलिखित पदाधिकारी रहेंगे :–

अध्यक्ष – जिला पदाधिकारी
सचिव – पटना जिले के लिये अपर जिला दंडाधिकारी (आपूर्ति) तथा शेष सभी जिलों के लिये जिला आपूर्ति पदाधिकारी;
सदस्य –(क) सम्बन्धित अनुमंडल का अनुमंडल पदाधिकारी;
(ख) जिला में पदस्थापित अनुसूचित जाति/जन जाति का एक पदाधिकारी;
(ग) जिला सहकारिता पदाधिकारी।

अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा ट्रेजरी चालान से अनुज्ञप्ति फीस प्राप्त कर समिति द्वारा चयनित उम्मीदवार को उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति निर्गत की जायेगी। अनुज्ञप्ति अनुसूची –3 में निर्गत की जायेगी। उचित मूल्य की दुकान के लिए प्राप्त आवेदन का निपटारा उसकी प्राप्ति की तिथि से एक माह के भीतर किया जायेगा।

**6. आरक्षण**

(i) इस आदेश के प्रारम्भ होने की तिथि को उचित मूल्य की दुकानों की रिक्तयों में आरक्षण निम्न प्रकार होगा :–

| | |
|---|---|
| अनुसूचित जाति | 16 (सोलह) प्रतिशत |
| अनुसूचित जनजाति | 01 (एक) प्रतिशत |
| अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 18 (अठारह) प्रतिशत |
| पिछड़ा वर्ग | 12 (बारह) प्रतिशत |
| पिछडे वर्ग की महिलायें | 03 (तीन) प्रतिशत |

(ii) यदि अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित उचित मूल्य की दुकान के लिये अनुसूचित जनजाति का कोई सुयोग्य आवेदक नहीं हो, तो इसे अनुसूचित जाति के आवेदक द्वारा भरा जायेगा, और यदि अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षित उचित मूल्य की दुकान के लिये अत्यन्त पिछड़ा वर्ग का कोई सुयोग्य आवेदक नहीं हो, तो इसे पिछड़े वर्ग के आवेदक एवं तद्नुसार इसके विपरीत क्रम (vice versa) द्वारा भरा जायेगा, ।

(iii) नियुक्ति में आरक्षण देने सम्बन्धी सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधान के अनुसार विकलांगों को आरक्षण दिया जायेगा।

(iv) पिछड़े वर्ग की महिलाओं में पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति की महिलायें शामिल मानी जायेंगी।

**7. आरक्षण का मानक अनुमंडल स्तर पर लागू होगा तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्गत आदर्श आरक्षण रोस्टर विन्दु लागू होगा।**

**8. उचित मूल्य की दुकान के आवंटन में प्राथमिकतायें**

अनुकम्पा मामले को छोड़कर उचित मूल्य की दुकान के आवंटन में प्राथमिकतायें निम्न रूप में होंगी :–

(1) स्वयं सहायता समूह;

(2) महिलाओं की सहयोग समितियाँ;

(3) पूर्व सैनिकों की सहयोग समितियाँ;

(4) शिक्षित बेरोजगार;

(5) सम्बन्धित पंचायत अथवा वार्ड के निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी।

**9. चयन समिति द्वारा उचित मूल्य की दुकान को आवंटित करने में निम्नलिखित तथ्यों पर विचार किया जायेगाः–**

(i) तत्समय विद्यमान जनगणना आंकड़ों के आधार पर शहरी क्षेत्रों में 1350 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 1900 की जनसंख्या पर एक उचित मूल्य की दुकान आवंटित करने का प्रतिमान निर्धारित रहेगा।

(ii) शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि किसी उपभोक्ता को उचित मूल्य की दुकान तक पहुंचने के लिए अधिकतम दो किलोमीटर से अधिक की दूरी तय नहीं करना पड़े।

(iii) दूरस्थ तथा कठिन आवागमन वाले स्थानों में खासकर अनुसूचित जाति/जनजाति के क्षेत्रों में 1000 (एक हजार) की आबादी पर भी एक उचित मूल्य की दुकान आवंटित की जा सकती है।

(iv) स्वयं सहायता समूहों या महिलाओं/पूर्व सैनिकों की सहयोग समितियों की कार्यकारणी के सदस्यों की संख्या के 50 प्रतिशत से अधिक सदस्य जिस वर्ग (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, पिछड़े वर्गो की महिलायें तथा सामान्य) के रहेंगे, तो ऐसे स्वयं सहायता समूहों या महिलाओं/पूर्व सैनिकों की सहयोग समितियाँ की गणना उनकी आरक्षण स्थिति के अवधारण के प्रयोजनार्थ उसी वर्ग में की जायेगी।

(v) उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति हेतु आवेदक मैट्रिक पास और वयस्क होगा :
परन्तु कम्प्यूटर ज्ञान रखने वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जायेगी। कम्प्यूटर ज्ञान की समानता होने पर अधिक योग्य को और उसमें भी समानता होने पर अधिक उम्र वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।

(vi) उचित मूल्य की दुकान की रद्द अनुज्ञप्ति यदि अपील या पुनरीक्षण में हो और निम्न न्यायालय का आदेश स्थगन में हो तो ऐसी अनुज्ञप्ति की गणना रिक्त उचित मूल्य की दुकानों की सूची में नहीं की जायेगी।

(vii) रिक्त उचित मूल्य की दुकानों को भरने की प्रक्रिया लगातार चलनेवाली प्रक्रिया होगी और एक रिक्त उचित मूल्य की दुकान रिक्ति की तिथि से एक माह के अंदर भरी जायेगी।

(viii) सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा अवधारित आरक्षण रोस्टर विन्दु के अनुसार रिक्त उचित मूल्य की दुकानों के आरक्षण रोस्टर पर जिला पदाधिकारी से अनुमोदन करा कर और कम–से कम दो दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर, आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे।

(ix) अनारक्षित रिक्तियों के विरूद्ध सभी वर्ग के व्यक्ति आवेदन दे सकेंगे, एवं चयन पूर्णरूपेण मेधा के आधार पर होगा, और उनकी स्थिति अनारक्षित होगी।

(x) महिलाओं/पूर्व सैनिकों की सहकारी समितियाँ एवं स्वयं सहायता समूहों के नाम से उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति निर्गत की जायेगी तथा इनका संचालन इनकी प्रबंध समिति द्वारा किया जाएगा।

(xi) उचित मूल्य की दुकान के स्वामी को उचित मूल्य की दुकान को उसके पोषण क्षेत्र में रखना होगा एवं विशेष परिस्थिति में जिला पदाधिकारी की पूर्वानुमति से, अपवाद स्वरूप पोषण क्षेत्र से बाहर लाभुकों की सुविधा को ध्यान में रखकर उचित मूल्य की दुकान की स्वीकृति दी जा सकेगी ।

**10. अनुकम्पा के आधार पर उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति**

किसी अनुज्ञप्तिधारी की 58 (अन्ठावन) वर्ष के भीतर मृत्यु होने पर, उसकी दुकान प्राथमिकता के आधार पर मृत अनुज्ञप्तिधारी की पत्नी/पति, पुत्र, अविवाहित पुत्री, पुत्रवधू, और पुत्र की विधवा पत्नी को आवंटित की जा सकेगी। उपर्युक्त में एक से अधिक आश्रित हों, तो शेष से एक के पक्ष में हक छोड़ने के लिये शपथ पत्र लेना आवश्यक होगा। अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु की तिथि से दो वर्ष के भीतर ही उसके आश्रित द्वारा आवेदन पत्र देने पर, उस पर विचार किया जायेगा। यदि स्वीकृत होती है, तो उचित मूल्य की दुकान की ऐसी अनुज्ञप्ति एक नई अनुज्ञप्ति होगी और आगे भी

अनुकम्पा के आधार पर अनुज्ञप्ति के लिये अनुज्ञेय होगी किन्तु मृत अनुज्ञप्तिधारी के परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में या सरकारी लाभ के पद पर हो, तो ऐसे परिवार को अनुकम्पा का लाभ नहीं मिलेगा।

**11. उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति प्राप्ति की निरर्हताएँ**

(i) एक संयुक्त परिवार में एक से अधिक सदस्य को उचित मूल्य की दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। पिता, माता, भाई, भाई की पत्नी (भाभी), पति, पत्नी, पुत्र, पुत्रवधू, और सौतेला भाई परिवार की परिभाषा में आयेंगे।

(ii) मुखिया, सरपंच, पंच, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति के सदस्य, जिला परिषद् के सदस्य, विधायक, विधान पार्षद, सांसद तथा नगर निकायों के निर्वाचित सदस्य इस रूप में अपने कार्यकाल तक उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निरर्हित (disqualified) रहेंगे।

(iii) आटा चक्की के मालिक एवं उसके निकट सम्बन्धियों को उचित मूल्य की दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।

(iv) अवयस्क या पागल या दिवालिया को उचित मूल्य की दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।

(v) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम 10) के अधीन अथवा अन्य किसी आपराधिक मामले में अंतिम रूप से न्यायालय द्वारा सिद्धदोष व्यक्ति को उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति आवंटित नहीं की जायेगी।

(vi) सरकार में लाभ का पद धारण करने वाले को उचित मूल्य की दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।

12. **उचित मूल्य की दुकानों की अनुज्ञप्ति प्रदान करने में जनसंख्या और आरक्षण के मानदंडों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।**

**13. फीस**

(i) **अनुज्ञप्ति फीस –**

(क) जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुशंसित आवेदक को अनुज्ञापन पदाधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति फीस के रूप में 1000 (एक हजार) रू0 ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा किये जाने हेतु सूचित किया जायेगा। अनुज्ञप्ति फीस जमा कर दिए जाने पर अनूसूची –03 में अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति दी जायेगी।

(ख) पूर्व आदेश, 2001 के प्रावधानों के अधीन निर्गत अनुज्ञप्ति इस आदेश के अधीन वैध मानी जायेगी एवं इस प्रकार की अनुज्ञप्ति रखने वाले अनुज्ञप्तिधारी को अपनी अनुज्ञप्ति इस आदेश के प्रावधानों के अधीन अनुज्ञप्ति फीस 1000 (एक हजार) रू0 ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा कराकर इस आदेश के प्रारम्भ होने की तिथि से छह माह के भीतर रूपान्तरित कराना होगा।

(ii) **अनुज्ञप्ति नवीकरण फीस –**

(क) अनुज्ञप्ति का नवीकरण पाँच वर्ष के लिये किया जायेगा। अनुसूची – 04 में आवेदन पत्र नवीकरण फीस 500 (पाँच सौ) रू0 ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा करने के साथ प्रस्तुत करने पर अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति नवीकृत की जायेगी। अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति की अवधि समाप्त होने की तिथि से एक माह के भीतर अनुज्ञप्ति का नवीकरण कराना होगा। इसके बाद नवीकरण फीस के साथ–साथ 100 (एक सौ) रू0 प्रतिमाह की दर से विलम्ब फीस देय होगा तथा अधिकतम आठ माह के भीतर विलम्ब फीस के साथ अनुज्ञप्ति नवीकृत की जा सकेगी।

(ख) यदि अनुज्ञप्ति अवधि समाप्त होने की तिथि के एक माह के भीतर अनुज्ञप्ति नवीकृत नहीं करायी जाती है, तो अनुज्ञप्तिधारी को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति अनुज्ञापन पदाधिकारी द्वारा बंद कर दी जायेगी।

(ग) निलम्बन की अवधि में अनुज्ञप्ति का नवीकरण नहीं किया जाएगा। निलम्बन समाप्ति के पश्चात् एक मुश्त नवीकरण फीस लेकर अनुज्ञप्ति को नवीकृत किया जायेगा।

(iii) **अनुज्ञप्ति की द्वितीयक प्रति निर्गत करने का फीस –**

यदि कोई अनुज्ञप्ति विरूपित, गुम या नष्ट हो जाय, तो अनुज्ञप्तिधारी द्वारा तुरंत अनुज्ञापन प्राधिकारी को सूचित किया जायेगा। अनुज्ञप्तिधारी द्वारा आवेदन पत्र के साथ 200 (दो सौ) रू0 की फीस ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा किये जाने पर, ''अनुज्ञप्ति की द्वितीयक प्रति'' अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा निर्गत की जायेगी।

**14. उचित मूल्य की दुकान का संचालन तथा अनुज्ञप्तिधारी के कर्त्तव्य एवं उत्तरदायित्व**

(i) अनुज्ञप्तिधारी राशन कार्ड धारक को लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन उसकी हकदारी के अनुसार खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं का वितरण विहित खुदरा मूल्य पर करेगा एवं उसके द्वारा भंडार में पड़ी आवश्यक वस्तुओं को उसकी हकदारी के अनुसार देने से इन्कार नहीं करेगा।

(ii) अनुज्ञप्तिधारी राशन कार्ड धारक को खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं को एक से अधिक किस्तों में लेने की अनुमति देगा।

(iii) अनुज्ञप्तिधारी खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं की आपूर्ति के पश्चात् राशन कार्ड को प्रतिधारित नहीं करेगा।

(iv) अनुज्ञप्तिधारी लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन विहित खुदरा निर्गम मूल्य पर राशन कार्ड धारक को उसकी हकदारी के अनुसार खाद्यान्नों का विक्रय करेगा।

साथ ही अनुज्ञप्तिधारी सभी आवश्यक वस्तुओं की बिक्री के पश्चात् प्रत्येक उपभोक्ता को कैशमैमो (अनुसूची–05 के अनुसार) देगा जिसमें उपभोक्ता का नाम, पता लिखकर उसका हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान लेगा । कैशमैमो की कार्बन प्रति (द्वितीयक प्रति) भी मूल प्रति की तरह ही मुद्रित रहेगी जिसमें अनुज्ञप्तिधारी का नाम, अनुज्ञप्ति संख्या और पता भी मुद्रित रहेगा।

(v) अनुज्ञप्तिधारी दुकान के बाहर सहज दृश्य स्थान पर सूचना पट्ट तथा दुकान के भीतर मूल्य एवं भंडार प्रदर्शन पट्ट प्रदर्शित करेगा, जिसमें दैनिक आधार पर खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं की हकदारी, निर्गम का परिमाण, खुदरा निर्गम मूल्य, उचित मूल्य की दुकान को खोलने और बन्द करने का समय, मास के दौरान प्राप्त खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं का स्टाक, खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं का आदिशेष और इतिशेष, लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन खाद्यान्नों की गुणवत्ता और मात्रा की बावत शिकायतों के निपटान के लिए संबंधित पदाधिकारी का टेलिफोन नं0 और पता तथा टोल फ्री हेल्पलाईन नं0 आदि की सूचनायें सन्निहित होंगी तथा सूचना पट्ट अनुसूची– 06 के अनुसार एवं मूल्य एवं भंडार प्रदर्शन पट्ट अनुसूची– 07 के अनुसार दुकान की दीवाल पर पेंट कराकर अथवा बोर्ड बनाकर प्रदर्शित करेगा।

(vi) अनुज्ञप्तिधारी राशन कार्ड धारकों के अभिलेखों अर्थात् स्टॉक रजिस्टर, निर्गम या विक्रय रजिस्टर का अनुरक्षण प्रशासी विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत विहित फार्मेट में करेगा, जिसमें अनुक्रमिक रीति में इलैक्ट्रानिकी फार्मेट भी रहेगा।

(vii) अनुज्ञप्तिधारी अपनी दुकान के सहज दृश्य स्थान पर उठाव के समय अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गये खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं के सीलबंद नमूनों का प्रदर्शन करेगा।

(viii) निरीक्षी पदाधिकारियों के निदेश के आलोक में अनुज्ञप्तिधारी खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं के आवंटन और वितरण से संबधित बहियों और अभिलेखों को प्रस्तुत करेगा तथा ऐसी अन्य सूचनाएं प्रस्तुत करेगा जैसा कि निरीक्षी पदाधिकारियों द्वारा मांगी जाय।

(ix) अनुज्ञप्तिधारी प्रत्येक मास के अंत में उचित मूल्य की दुकान में खाद्यान्नों के वास्तविक वितरण तथा शेष स्टॉक के लेखों का प्रतिवेदन अनुज्ञापन प्राधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को स्थानीय मुखिया या नगर निकाय के प्रमुख, जैसा मामला हो, तथा स्थानीय सतर्कता समिति के किसी एक सदस्य के सत्यापन के साथ समर्पित करेगा, और उसकी एक प्रति पंचायत या नगर निकाय को भेजेगा।

(x) अनुज्ञप्तिधारी सूचना पट्ट पर प्रदर्शित विनिर्दिष्ट समय के अनुसार उचित मूल्य की दुकान को खोलेगा और बंद करेगा।

(xi) अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति में यथावर्णित कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों का पालन करेगा।

(xii) अनुज्ञप्तिधारी अनुसूची –08 में तथा उसका प्रतिनिधि अनुसूची–09 में अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा निर्गत पहचान पत्र रखेगा। अनुज्ञापन प्राधिकारी उचित मूल्य की दुकान के कारोबार में सहायता करने हेतु अनुज्ञप्तिधारी को एक प्रतिनिधि रखने की अनुमति दे सकते हैं।

(xiii) (क) उचित मूल्य की दुकान से सम्बद्ध कोई राशन कार्ड धारक जो दुकान से संबंधित अभिलेखों का उद्धहरण प्राप्त करने की इच्छा रखता हो, अनुज्ञप्तिधारी से 10 (दस) रू0 की विहित फीस तथा दो रूपये प्रति पृष्ठ की दर से अतिरिक्त फीस के साथ लिखित अनुरोध करेगा। अनुज्ञप्तिधारी, आवेदन पत्र एवं अपेक्षित फीस राशि प्राप्त होने की तिथि से 14 दिनों के भीतर उन अभिलेखों का उद्धहरण संबंधित राशन कार्डधारी को उपलब्ध करेगा।

(ख) उचित मूल्य की दुकान से सम्बद्ध सभी अभिलेखों को अनुज्ञप्तिधारी द्वारा कम–से–कम पाँच वर्षो तक सुरक्षित रखा जायेगा एवं सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ही इनको नष्ट किया जायेगा।

(ग) प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि अनुज्ञप्तिधारी द्वारा दुकान से संबंधित सभी अभिलेख उप खंड (ख) के अनुसार सुरक्षित रखे जा रहे हैं तथा लिखित अनुरोध एवं विहित फीस प्राप्त होने के 14 दिनों के भीतर अनुज्ञप्तिधारी द्वारा राशन कार्डधारी को अभिलेखों के उद्धहरण उपलब्ध करायी जा रही हैं। अनुज्ञप्तिधारी द्वारा इन प्रावधानों के अनुपालन नहीं किये जाने की स्थिति में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज्ञापन प्राधिकारी को इस बावत प्रतिवेदन देगा और इस सम्बन्ध में अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

(xiv) अनुज्ञप्तिधारी विभाग द्वारा विकसित सूचना प्राद्यौगिकी तंत्र पर आधारित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण प्रणाली के उपयोग में आवश्यक सहयोग करेगा।

(xv) अनुज्ञप्तिधारी जन वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण एवं सुधार कार्यक्रम (यथा राशन कूपन, नकद हस्तांतरण इत्यादि) को पूर्णतया लागू करेगा।

(xvi) अनुज्ञप्तिधारी जन वितरण प्रणाली के सुधार एवं आधुनिकीकरण कार्य के अन्तर्गत अनुज्ञप्तिधारी सूचना प्राद्यौगिकी तंत्र स्थापित एवं लागू करने हेतु बाध्य होंगे।

**15. कार्यावधि एवं अवकाश**

(i) सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान मार्च से अगस्त तक 7.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक तथा सितम्बर से फरवरी तक 8.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक सप्ताह के प्रत्येक दिन खुली रहेगी।

(ii) अपरिहार्य कारणों से यदि कोई उचित मूल्य की दुकान का स्वामी एक सीमित अवधि के लिये अपनी दुकान का संचालन करने में असमर्थ हो, तो उसके द्वारा अनुज्ञापन प्राधिकारी को आवेदन पत्र दिया जायेगा। अनुज्ञापन प्राधिकारी दुकान से सम्बन्धित उपभोक्ताओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की वैकल्पिक व्यवस्था करने के पश्चात् ही उसे अवकाश में रहने की अनुमति दे सकेगा। एक बार में अवकाश की अधिकतम अवधि 90 दिनों की होगी।

**16. अनुज्ञप्ति का हस्तांतरण**

उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति परिवार के किसी सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति के नाम हस्तांतरित नहीं की जायेगी। उचित मूल्य की दुकान या उसकी अनुज्ञप्ति में साझेदारी की अनुमति नहीं दी जायेगी।

**17. उचित मूल्य की दुकान के व्यवसाय स्थल में परिवर्तन**

(i) यदि अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्ति में वर्णित आवश्यक वस्तुओं के भंडारण स्थल या व्यवसाय स्थल में परिर्वतन चाहता है, तो वह इसके लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी को कारण बताते हुए एवं परिवर्तन हेतु प्रस्तावित स्थल की पहचान सम्बन्धी विवरण अंकित करते हुए एक लिखित आवेदन पत्र समर्पित करेगा।

(ii) अनुज्ञापन प्राधिकारी आवेदन पत्र प्राप्त होने की तिथि से एक पक्ष के भीतर आवेदन पत्र स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का निर्णय लेंगे। यदि आवेदन पत्र स्वीकृत किया जाता है, तो अनुज्ञापन प्राधिकारी अनुज्ञप्ति एवं कार्यालय की अनुज्ञा पत्र पंजी में आवश्यक परिर्वतन करने हेतु आदेश देंगे।

(iii) यदि एक पक्ष के भीतर अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा इस सम्बन्ध में निर्णय नहीं लिया जाता है, तो अनुज्ञप्तिधारी परिवर्तन हेतु प्रस्तावित स्थान पर जिला पदाधिकारी की पूर्वानुमति से आवश्यक वस्तुओं का भंडारण या व्यवसाय कार्य कर सकेगा।

(iv) अनुज्ञप्तिधारी आपातकालीन स्थिति (यथा भूकम्प या बाढ़ या अन्य कारणों जैसे मकान के अचानक क्षतिग्रस्त हो जाना इत्यादि) में अनुज्ञप्ति में वर्णित स्थल से भिन्न स्थल पर आवश्यक वस्तुओं का भंडारण या व्यवसाय बिना अनुज्ञापन प्राधिकारी के आदेश के स्थानांतरित कर सकेगा और अनुज्ञापन पदाधिकारी को 72 घंटों के भीतर इस बात की लिखित सूचना देगा तथा तब प्रस्तावित परिवर्तन उप खंड i, ii एवं iii के अनुसार प्रभावी किया जा सकेगा।

**18. अनुज्ञप्तिधारी को देय कमीशन या मार्जिन मनी का भुगतान**

विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अर्न्तगत अनुज्ञप्तिधारी को देय कमीशन या मार्जिन मनी का आवश्यक वस्तुओं के उठाव/वितरण की समाप्ति के दो माह के भीतर भुगतान कराने का दायित्व अनुज्ञापन प्राधिकारी का होगा।

**19. उचित मूल्य की दुकान की सम्बद्धता**

(i) अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु या अनुज्ञप्ति के रद्द होने या अन्य कारणों से आवश्यक वस्तुओं का आवंटन बंद होने पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ऐसी दुकानों के उपभोक्ताओं को अनुज्ञापन प्राधिकारी की सहमति से निकटतम उचित मूल्य की दुकान से एकरूपता को ध्यान में रखते हुए सम्बद्ध करेंगे ताकि ऐसी दुकान के उपभोक्ता खाद्यान्न एवं अन्य वस्तुओं की अबाधित आपूर्ति प्राप्त कर सकें।

(ii) सामान्य परिस्थिति में दुकान से उपभोक्ताओं की सम्बद्धता में परिर्वतन नहीं किया जायेगा।

(iii) उचित मूल्य की दुकान के साथ सम्बद्ध सभी प्रकार के उपभोक्ताओं (यथा अन्त्योदय, पूर्वीकताप्राप्त गृहस्थी, किरासन तेल के उपभोक्ता इत्यादि) को एक ही उचित मूल्य की दुकान से सम्बद्ध किया जायेगा।

**20. निरीक्षण**

(i) जिला पदाधिकारी, अपर जिला दंडाधिकारी (आपूर्ति)/अपर समाहर्त्ता, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, पटना, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुज्ञापन प्राधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप अनुभाजन पदाधिकारी, पटना, सहायक अनुभाजन पदाधिकारी, पटना, पणन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (जैसे अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, इत्यादि) एवं आपूर्ति निरीक्षक अपने क्षेत्रान्तर्गत उचित मूल्य की दुकानों, राज्य खाद्य निगम के गोदामों, किरासन तेल के थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों तथा SIO का निर्गम एवं वितरण, डोर स्टेप डिलेवरी के अन्तर्गत खाद्यान्नों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं के परिदान और जी0पी0एस0 के नियमित निरीक्षण करने हेतु प्राधिकृत होंगे ।

(ii) जिला पदाधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत उप कंडिका (i) में उल्लिखित पदाधिकारियों के द्वारा उचित मूल्य की दुकानों का तीन माह में कम–से–कम एक बार तथा निर्गम केन्द्रों जैसे राज्य खाद्य निगम के गोदाम/किरासन तेल के थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का प्रत्येक माह में कम–से–कम एक बार निरीक्षण कराने हेतु रोस्टर बनायेंगे और रोस्टर के अनुसार निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे।

(iii) सभी तरह के निरीक्षणों के प्रतिवेदनों के संधारण में निरीक्षी पदाधिकारी द्वारा विभाग द्वारा विकसित सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र पर आधारित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण प्रणाली का भी उपयोग किया जायेगा तथा किसी प्रकार की अनियमितता संज्ञान में आने पर प्रतिवेदन की एक प्रति सम्बन्धित अनुज्ञापन प्राधिकारी को अविलंब उपलब्ध करायी जायेगी। अनुज्ञापन प्राधिकारी इस तरह का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर एक माह के भीतर कार्रवाई करने हेतु जवाबदेह होंगे।

(iv) सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली के अधीन सृजित प्रतिवेदन/साक्ष्य को वैध दस्तावेज माना जायेगा तथा इस प्रणाली के द्वारा सृजित प्रतिवेदन एवं साक्ष्य के साथ किसी प्रकार की छेड़–छाड़ करने वाला कर्मी अनुशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई हेतु उत्तरदायी होगा।

**भाग– 3**

**पात्र गृहस्थियों की पहचान, राशन कार्ड, खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं का उठाव एवं वितरण**

**21. पात्र गृहस्थियों की पहचान एवं राशन कार्ड**

(i) इस आदेश के अधीन, अनुमंडल पदाधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा विनिश्चित मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अधीन पात्र गृहस्थियों की सूची तैयार करेंगे तथा राज्य सरकार द्वारा विहित प्रपत्र में राशन कार्ड निर्गत करने या राशन कार्ड में उपांतरण करने के लिए आवेदन प्राप्त करने, रजिस्ट्रीकरण करने, अभिस्वीकृति देने एवं प्रसंस्करण करने के लिए प्राधिकृत होंगे।

(ii) अनुमंडल पदाधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत पात्र आवेदकों को आवश्यक जांच और सत्यापन के पश्चात् आवेदन की प्राप्ति की तारीख से एक मास से अनधिक युक्तियुक्त समय के भीतर राशन कार्ड जारी करेंगे।

(iii) अनुमंडल पदाधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत विद्यमान राशन कार्ड के स्थान पर नया राशन कार्ड केवल तभी जारी करेंगे जब विद्यमान राशन कार्ड खो जाए या नष्ट या विरूपित होने के कारण उपयोग के योग्य न रह जाए या पूर्णतया समाप्त हो जाय या जब राशन कार्ड में उपांतरणों के लिये अनुरोध किया जाय।

**22. उचित मूल्य की दुकानों को खाद्यान्न एवं अन्य वस्तुओं का आवंटन**

(i) अनुमंडल पदाधिकारी अपने क्षेत्रान्तर्गत उचित मूल्य की दुकानों को खाद्यान्न एवं अन्य वस्तुओं का आवंटन करेंगे तथा आवंटन करते समय शेष स्टॉक को, यदि कोई हो, जो उचित मूल्य की दुकान के स्वामी के पास अवितरित पड़ा हो, को पश्चातवर्ती आवंटनों की गणना में लेंगे।

(ii) अनुमंडल पदाधिकारी उचित मूल्य की दुकान को किए गए आवंटन आदेश की एक प्रति स्थानीय प्राधिकारी, निगरानी समितियों और उचित की दुकानों के कार्यो के अनुश्रवण के लिये राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किसी अन्य निकाय को देना सुनिश्चित करेंगे।

(iii) अनुमंडल पदाधिकारी, बिहार राज्य खाद्य निगम से खाद्यान्नों का परिदान प्राप्त करने के पूर्व, आपूर्ति निरीक्षक के रैंक से अन्यून रैंक के किसी पदाधिकारी को नियुक्त करेंगे जो बिहार राज्य खाद्य निगम के द्वारा नियुक्त अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से, जारी करने के लिये आशयित खाद्यान्नों के स्टॉक का विहित गुणवत्ता विनिर्दिष्टियों की पुष्टि करने के लिए निरीक्षण करेगा तथा इस संयुक्त निरीक्षण के पश्चात् निगम, गोदाम से खाद्यान्नों के डिस्पैच के पूर्व स्टॉकवार सील किया हुआ संयुक्त रूप से आहरित नमूना, उचित मूल्य की दुकान के स्वामी को उचित मूल्य की दुकान पर प्रदर्शन के लिये जारी करेगा तथा इसके सीलबंद नमूना का एक नकल भावी निदेश के लिये बिहार राज्य खाद्य निगम के पास रखी जाएगी।

(iv) आहरित किये जाने वाले नमूने की मात्रा, नमूनों के प्रतिधारण की अवधि और नमूने का निपटान राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार होगा।

**23. खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं के वितरण का मासिक प्रमाण पत्र**

अनुमंडल पदाधिकारी उचित मूल्य की दुकान के स्वामी से खाद्यान्नों एवं अन्य वस्तुओं के उठाव एवं वितरण के सम्बन्ध में मासिक प्रमाण पत्र संयुक्त रूप से यथास्थिति स्थानीय मुखिया या नगर निकाय के प्रमुख तथा स्थानीय निगरानी समिति के किसी एक सदस्य के सत्यापन के साथ प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

**भाग–4**

**शास्ति**

**24. शास्ति**

इस आदेश के किसी उपबंध का उल्लंघन करनेवाला (अनुज्ञप्तिधारी सहित) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा–7 के अधीन दंड का भागी होगा।

**25. अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध कार्रवाई**

(i) माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल रिट याचिका 196/01 में पारित न्यायादेश के आलोक में निम्नांकित स्थितियों में अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्व कार्रवाई की जायेगी :–

अनुज्ञप्तिधारी जो,

(क) नियत अवधि के दौरान महीने भर अपनी दूकान खुला नहीं रखता हो;

(ख) बी0पी0एल0 परिवारों को ठीक, बी0पी0एल0 की दरों पर ही खाद्यान्न उपलब्ध करने में असफल रहता हो;

(ग) अपने पास बी0पी0एल0 गृहस्थियों का राशन कार्ड रखता हो;

(घ) बी0पी0एल0 राशन कार्डो में मिथ्या प्रविष्टियाँ करता हो;

(ड़) कालाबाजारी में लगा हो अथवा खुले बाजार में खाद्यान्नों को भेज रहा हो अथवा अन्य व्यक्ति/संगठन के राशन दूकानों को दे देता हो, अपने को अपनी अनुज्ञप्ति के रद्दकरण के लिए दायी करेगा। संबंधित प्राधिकारी इस विषय में लापरवाही नहीं दिखाएंगे।

(ii) माननीय सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश उचित दर दुकान से आपूर्ति की जा रही अन्य वस्तुओं के सम्बन्ध में भी लागू होगा।

**26. अनुज्ञापन प्राधिकारी की शक्तियों का प्रत्यायोजन**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 के प्रावधानों को लागू कराने के साथ–साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली अधीन उचित मूल्य की दुकान के स्वामी को अनुज्ञप्ति निर्गत/नवीकृत करने, पहचान पत्र निर्गत करने, अनुज्ञप्ति में वर्णित शर्त्तों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का पालन कराने, अनुज्ञप्ति रद्द करने के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्रदत्त शक्तियाँ किसी अन्य पदाधिकारी को प्रत्यायोजित नहीं की जायेगी।

निरीक्षी पदाधिकारी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में सिर्फ अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा ही उचित मूल्य की दुकान के स्वामी से कारणपृच्छा पूछने की कार्रवाई की जायेगी।

**27. अनुज्ञप्ति रद्दकरण**

(i) यदि कोई अनुज्ञप्तिधारी इस आदेश के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा अनुज्ञप्ति में समनुदेशित कर्त्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का अनुपालन करने में विफल होता है, तो उसकी अनुज्ञप्ति, अनुज्ञापन प्राधिकारी के लिखित आदेश द्वारा रद्द की जायेगी और अनुज्ञप्ति का यह रद्दकरण आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम 10) के अधीन उसके विरूद्ध की गयी या की जानेवाली किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

(ii) अनुज्ञप्ति रद्दकरण का कोई आदेश तबतक नहीं किया जायेगा जबतक कि अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति रद्दकरण के प्रस्ताव के विरूद्ध अपने मामले के बारे में कहने का पर्याप्त अवसर न दे दिया गया हो।

(iii) इस आदेश के प्रावधानों के उल्लंघन के मामलों का निपटान यथासंभव इसके संज्ञान में आने के दो माह के भीतर कर दिया जायेगा।

**28. अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज के होने के पश्चात कार्रवाईः**

यदि किसी अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अधीन या किसी अन्य आपराधिक मामलों में प्राथमिकी दर्ज की जाती है और वह जेल भेज दिया जाता है या फरार हो जाता है, तो अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा उसकी अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दी जायेगी तथा सिविल प्रोसिज्योर कोड (सी0पी0सी0) के अनुसार कारण–पृच्छा का तामिला कराने के बाद और विक्रेता को इस सम्बन्ध में अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर देकर, यथासंभव, 180 दिनों के अन्दर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

**29. दोषसिद्धि का परिणाम**

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का केन्द्रीय अधिनियम 10) की धारा 3 के अधीन किये गये किसी आदेश के उल्लंघन में या किसी अन्य अपराध में किसी अनुज्ञप्तिधारी को सक्षम न्यायालय द्वारा सिद्धदोष ठहरा दिया गया हो, तो अनुज्ञापन प्राधिकारी, लिखित आदेश द्वारा, उसकी अनुज्ञप्ति को रद्द कर देगा;

परन्तु जहाँ ऐसी दोषसिद्धि अपील या पुनरीक्षण में अपास्त कर दी जाती है, तो अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञप्ति पुनर्स्थापित कर दी जायेगी, यदि अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति के रद्दकरण के अपास्त करने के आदेश के पारित होने की तिथि के एक माह के भीतर उसकी एक अभिप्रमाणित प्रति एवं एक नयी अनुज्ञप्ति के फीस के समतुल्य अनुज्ञप्ति फीस का ट्रेजरी चालान से भुगतान करने के साथ अनुज्ञापन प्राधिकारी के समक्ष एक लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत करता है।

**30. अनुज्ञप्ति के निलम्बित/रद्द होने के पश्चात् आवश्यक वस्तुओं का वितरण**

अनुज्ञप्ति निलम्बित अथवा रद्द होने के समय अनुज्ञप्तिधारी के पास उपलब्ध खाद्यान्न/आवश्यक वस्तुओं को आदेश की प्राप्ति की तिथि से 30 दिनों के भीतर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/आपूर्ति निरीक्षक के द्वारा सम्बन्धित दुकान से सम्बद्व उपभोक्ताओं के बीच प्रचलित दर एवं मात्रा में वितरित करा कर, प्राप्त–राशि अनुज्ञप्तिधारी/उसके प्रतिनिधि को लौटा दी जायेगी :

परन्तु 30 दिनों के अन्दर किसी अपरिहार्य कारणों से आवश्यक वस्तुओं का वितरण नहीं हो पाता है, तो प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/आपूर्ति निरीक्षक के प्रतिवेदन पर अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा अवधि का विस्तार किया जायेगा, जो अधिकतम 60 दिनों का होगा।

**भाग–5**

**तलाशी और अभिग्रहण**

**31. तलाशी और अभिग्रहण की शक्तिः**

(क) निम्नलिखित पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्राधिकार में उचित मूल्य की दुकान या किसी परिसर में, जो उचित मूल्य दुकान के कारबार से संबंधित हो, प्रविष्ट, निरीक्षण, जाँच, तलाशी एवं अभिग्रहण करने के लिये इस आदेश के अधीन प्राधिकृत होंगे :–

(i) विभाग के प्रधान सचिव, सचिव, विशेष सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव, उप सचिव एवं अवर सचिव;

(ii) सभी प्रमंडलीय आयुक्त;

(iii) सभी पुलिस उप महानिरीक्षक

(iv) सभी जिला पदाधिकारी;

(v) सभी पुलिस अधीक्षक

(vi) सभी अपर जिला दण्डाधिकारी;

(vii) सभी अपर समाहर्त्ता;

(viii) सभी उप निदेशक, खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति;

(ix) सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी;

(x) सभी अनुमंडल पदाधिकारी;

(xi) सभी पुलिस उपाधीक्षक

(xii) सभी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी;

(xiii) प्रभारी दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता, विभाग के द्वारा गठित;

(xiv) सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी;

(xv) विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, पटना;

(xvi) उप अनुभाजन पदाधिकारी, पटना;

(xvii) सभी सहायक अनुभाजन पदाधिकारी, पटना;

(xviii) सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी;

(xix) सभी अंचल अधिकारी;

(xx) सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी;

(xxi) सभी पणन पदाधिकारी;

(xxii) सभी आपूर्ति निरीक्षक;

**(ख)** प्राधिकृत पदाधिकारी ऐसे अभिलेखों या दस्तावेजों की जाँच या माँग कर सकेगा, जो उसके द्वारा जाँच के लिए आवश्यक समझे जाय और वह अपने समक्ष प्रस्तुत अभिलेखों या दस्तावेजों से उद्धरण या प्रतियां ले सकेगा।

**(ग)** प्राधिकृत पदाधिकारी को कोई परिवाद के प्राप्त करने पर या अन्यथा यदि यह विश्वास करने का कारण हो कि इस आदेश या केन्द्र के ''लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015'' के उपबंधों का उल्लंघन हुआ है या इन आदेशों का अनुपालन करने की दृष्टि से वह उचित मूल्य की दुकान या किसी परिसर में, जो उचित मूल्य की दुकान के कारबार के संव्यवहार से संबंधित है, में प्रविष्ट हो सकेगा, उनकी जाँच या तलाशी कर सकेगा।

**(घ)** प्राधिकृत पदाधिकारी खाद्यान्नों और अन्य वस्तुओं की लेखाओं या स्टाक की ऐसी लेखा बहियों की तलाशी, अभिग्रहण कर सकेगा या उन्हें हटा सकेगा, जहां ऐसे प्राधिकारी को विश्वास करने का कारण हो कि इनका उपयोग ''लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015" अथवा इस आदेश के उपबंधों का उल्लंघन में किया जा रहा है या किया जाएगा।

**(ड़)** उप खंड (घ) के अधीन तलाशी और अभिग्रहण करने वाला प्राधिकृत पदाधिकारी जिला पदाधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी को, की गयी तलाशी और उसके द्वारा अभिगृहीत किये गये खाद्यान्नों और अन्य वस्तुओं के स्टॉक के ब्योरों की जानकारी देगा।

**(च)** तलाशी और अभिग्रहण से सम्बन्धित दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा–100 के उपबंध, जहाँ तक हो सके, इस आदेश के अधीन तलाशी और अभिग्रहण पर लागू होंगे।

**भाग 6**

**32. अपील**

(i) सभी जिला पदाधिकारी को अपने क्षेत्राधिकार के भीतर इस आदेश के अधीन उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने और कृत्यों का निर्वहन करने के लिये अपीलीय प्राधिकार नियुक्त किया जाता है :

परन्तु ''सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2001'' के अधीन नियुक्त अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष लम्बित अपील को ऐसे निपटाया जायेगा मानो कि यह आदेश नहीं किया गया था।

(ii) किसी राशन कार्ड को जारी करने या उसका नवीकरण करने से इंकार करने या राशनकार्ड को रद्द करने से संबंधित पदाधिकारी के किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति जिला पदाधिकारी के समक्ष आदेश की प्राप्ति की तारीख से तीस दिनों के भीतर अपील कर सकेगा ।

(iii) अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा उचित मूल्य की दुकान के स्वामी की अनुज्ञप्ति जारी करने या नवीकरण से इंकार करने या अनुज्ञप्ति रद्द करने से संबंधित किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति जिला पदाधिकारी के समक्ष आदेश प्राप्त होने की तारीख से तीस दिनों के भीतर अपील कर सकेगा तथा जिला पदाधिकारी, यथासाध्य, साठ दिनों के भीतर अपील का निपटान करेंगेः

परन्तु जिला पदाधिकारी द्वारा एक बार अपील का निपटारा किये जाने पर अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा उचित मूल्य की दुकान के स्वामी की अनुज्ञप्ति जारी करने या उसका नवीकरण करने का समय, जिला पदाधिकारी द्वारा अपील पर पारित आदेश की तारीख से, प्रारम्भ होगा।

(iv) किसी अपील का तबतक निपटारा नहीं किया जाएगा, जबतक कि व्यथित व्यक्ति को सुने जाने का उचित अवसर न प्रदान कर दिया जाय ।

(v) लंबित अपील का निपटारा होने तक अपीलीय प्राधिकारी निदेश दे सकेगा कि अपील के अधीन आदेश उस अवधि के लिए प्रभावी नहीं होगा, जो प्राधिकारी उप खंड (iv) के अधीन अन्य पक्षकार को सुने जाने का उचित अवसर प्रदान करने के लिए, आवश्यक समझे या जबतक कि अपील का निपटारा न हो जाए, इसमें से जो भी पहले हो।

(vi) जिला पदाधिकारी के द्वारा साठ दिनों के भीतर अपील का निपटारा नहीं किये जाने पर अथवा अपील में पारित आदेश के विरूद्ध प्रमंडलीय आयुक्त के समक्ष पुनरीक्षण हेतु आवेदन दायर किया जा सकेगा। पुनरीक्षण आवेदन का निपटारा दो माह के भीतर किया जाएगा।

(vii) विभाग के प्रधान सचिव/सचिव, स्वप्रेरणा से या किसी के अभ्यावेदन पर, प्रमंडलीय आयुक्त या जिला पदाधिकारी या अनुज्ञापन प्राधिकारी या अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा इस आदेश के उपबंधों के अधीन किये गये आदेश से सम्बन्धित अभिलेख मांग सकेंगे और यदि उनको समाधान हो जाता है कि प्रमंडलीय आयुक्त या जिला पदाधिकारी या अनुज्ञापन प्राधिकारी या अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा :–

(क) ऐसी शक्तियों का प्रयोग किया गया है, जो उसे प्रदत्त नहीं की गयी हैं;

(ख) अपनी शक्तियों का प्रयोग तथ्यों पर बिना विचार किए अवैध रूप से किया गया है;

(ग) अपनी शक्तियों का प्रयोग करने में असफल रहा है, तब ऐसा आदेश पारित कर सकेंगे, जिसे वह उचित समझें।

## भाग – 7
## विविध

**33. छूट**

केन्दीय ''लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015'' या इस आदेश के प्रावधान, निम्नलिखित द्वारा या उनके निमित्त आवश्यक वस्तुओं के क्रय, विक्रय या विक्रय के लिये संचयन पर लागू नहीं होंगे :–

(क) केन्द्रीय सरकार या केन्द्र सरकार के गोदाम;

(ख) राज्य सरकार या राज्य सरकार के गोदाम;

(ग) राज्य सरकार के अधिकारी, विभाग या बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम एवं उसके गोदाम (उचित मूल्य की दुकानों को छोड़कर);

(घ) केन्द्रीय या राज्य स्तरीय सहकारी समिति के गोदाम ( उचित मूल्य की दुकानों के गोदामों को छोड़कर );

(ङ) ग्राम पंचायत भवन (उचित मूल्य की दुकानों के गोदामों को छोड़कर)।

**34. निरसन एवं व्यावृत्ति**

(i) केन्द्रीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2001 के अन्तर्गत अधिसूचित विभागीय अधिसूचना जी0एस0आर0–1 दिनांक 20 फरवरी, 2007, जी0एस0आर0–3, दिनांक 21 फरवरी, 2007, अधिसूचना ज्ञापांक–5738 दिनांक 23 जून, 2011, अधिसूचना ज्ञापांक–61 दिनांक 5 जनवरी, 2015, अधिसूचना ज्ञापांक–3517 दिनांक 30 अप्रैल, 2015 एवं अधिसूचना ज्ञापांक–5819 दिनांक 23 जुलाई, 2015 द्वारा निर्गत आदेश एतद् द्वारा निरसित किया जाता है।

(ii) ऐसे निरसन के होते हुए उक्त पूर्व अधिसूचनाओं के अधीन किया गया कोई भी कार्य अथवा की गई कार्रवाई इस आदेश के अधीन किया गया कार्य अथवा की गई कार्रवाई मानी जायेगी, मानो यह आदेश तत्समय प्रवृत्त था।

(iii) उचित मूल्य की दुकान के अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध लम्बित वैसे सभी मामले, जो इस आदेश के प्रारम्भ होने के पूर्व से लम्बित हैं, का निष्पादन उन आदेशों के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा जिन आदेशों के प्रावधानों के अधीन मामले प्रारम्भ किये गये थे।

(iv) सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति, अनुज्ञापन प्रक्रिया, अनुज्ञप्ति फीस, अनुज्ञप्ति नवीकरण फीस, अनुज्ञप्ति की द्वितीयक प्रति निर्गत करने की फीस, अनुज्ञप्तिधारी का कार्य संचालन, अनुज्ञप्तिधारी का कार्य अवधि एवं अवकाश, अनुज्ञप्ति का निलंबन तथा रद्दकरण, तलाशी एवं जब्ती, शास्ति, अनुज्ञप्ति के निलंबन/रद्द होने के पश्चात आवश्यक वस्तुओं का वितरण, अनुज्ञप्ति का हस्तांतरण, एकरारनामा, अनुज्ञप्तिधारी/अनुज्ञप्तिधारी के प्रतिनिधि का पहचान पत्र, उचित मूल्य की दुकान के व्यवसाय स्थल का परिवर्तन एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अधीन दोषसिद्धि का परिणाम तथा अपील/पुनरीक्षण से सम्बन्धित इस आदेश के प्रारंभ होने के पूर्व में निर्गत पत्र, परिपत्र, आदेश एवं निदेश एतद्द्वारा निरसित समझे जायेंगे, परन्तु ऐसे निरसन के होने पर भी, ऐसी कोई भी जाँच, विधिक कार्यवाही या उपचार संस्थित किया जा सकेगा, जारी रखा जा सकेगा या प्रवृत किया जा सकेगा और कोई भी शास्ति, समपहरण या दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा मानों उक्त आदेश निरसित नहीं किया गया हो।

(v) उचित मूल्य की दुकानों के अनुश्रवण के सम्बन्ध में पूर्व में, समय–समय पर, निर्गत परिपत्र, जो इस आदेश या केन्द्रीय ''लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015'' के प्रावधानों के प्रतिकूल न हों, लागू रहेंगे एवं इस आदेश के अधीन अधिसूचित समझे जायेंगे।

(vi) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के प्रावधान के अधीन पात्र गृहस्थियों की पहचान, राशन कार्ड, खाद्यान्नों का परिदान, राज्यों द्वारा खाद्यान्नों का उठाव एवं वितरण, अनुश्रवण, पारदर्शिता और जवाबदेही, और ''एक सिरे से दूसरे सिरे तक प्रचालन'' जिसमें लाभुकों, राशनकार्डो और अन्य डाटाबेसों का डिजिटाईजेशन शामिल है, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंध का कम्प्यूटरीकरण, पारदर्शिता पोर्टल की स्थापना, शिकायत निवारण तंत्र और उचित मूल्य की दुकान के स्वचालन से संबंधित निर्गत तथा निर्गत होने वाली अधिसूचना, आदेश एवं निदेश इस आदेश के अधीन भी अधिसूचित समझे जायेंगे।

**35. इस आदेश के अधीन सदभावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण**

किसी व्यक्ति के विरूद्ध किसी चीज के लिये, जो इस आदेश के अनुसरण में सद्भावपूर्वक की गई है या किए जाने के लिए आशयित है, कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही नहीं की जायेगी।

**36. राज्य सरकार की निदेश देने की शक्ति**

राज्य सरकार ऐसा निदेश दे सकेगी, जो वह इस आदेश या केन्द्रीय ''लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015'' के सभी या किन्हीं उपबंधों का पालन के लिये आवश्यक समझे।

(सं0 प्र04–पी.डी.एस.–01/2015—1750)
बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
एल0 पी0 सिंह,
सरकार के संयुक्त सचिव।

**अनुसूची – 1**

**बिहार लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 के अधीन उचित मूल्य की दुकान की अनुज्ञप्ति के लिये आवेदन पत्र (व्यक्तियों के लिए)**

अनुज्ञापन प्राधिकारी का पदनाम
एवं कार्यालय का पता

आवेदक का अभिप्रमाणित फोटो

1. **आवेदक की विशिष्टियाँ –**
   (क) नाम
   (ख) पिता/पति का नाम
   (ग) शैक्षणिक योग्यता
   (घ) उम्र
   (ङ) स्थायी तथा वर्त्तमान पता
   (फोन नं./ मोबाईल नं./ ई–मेल पता के साथ)
   (च) कम्प्यूटर ज्ञान
2. उचित मूल्य की दुकान का विवरण जिसके लिये अनुज्ञप्ति अपेक्षित है :-
   व्यवसाय स्थल का विवरण
   (क) मकान / दुकान संख्या :
   (ख) होल्डिंग नं0 :
   (ग) क्षेत्रफल :
   (घ) खाता नं0....., खेसरा नं0 :
   (ङ) चौहद्दी :
   (च) मुहल्ला / वार्ड नं0 :
   (छ) ग्राम / शहर :
   (ज) थाना :
   (झ) जिला
3. आरक्षण का दावा हो, तो आरक्षण वर्ग का उल्लेख करें और जाति प्रमाणपत्र संलग्न करें
4. व्यवसाय स्थल अपना है या किराया का ? अगर किराया का है तो किराया के इकरारनामा की सत्यापित प्रति संलग्न करें।
5. यदि आवेदक के पास पूर्व से अन्य किसी कारोबार की अनुज्ञप्ति है, तो विवरण दें
